छीताखुदरी मध्यम परियोजना

छीताखुदरी मध्यम परियोजना कुंडम तहसील के ग्राम छीताखुदरी के समीप प्रस्तावित है। छीताखुदरी मध्यम परियोजना के चार निर्माण स्थल प्रस्तावित थे। निर्माण स्थल 'ए' ग्राम चौरईदादर एवं छीताखुदरी के बीच स्थित होने के कारण ग्राम सातनझिर,भानपुर, खमरिया, जलधरा की कृषि भूमि डूब में आती है एवं बांध की संग्रहण क्षमता कम होती है। लगभग 75 हेक्टेयर वन भूमि भी डूब में आती है। निर्माण स्थल 'बी' ग्राम बिलटुकरी एवं ग्राम बम्हनी के बीच होने के कारण ग्राम छीताखुदरी एवं बम्हनी पूर्ण रूप से डूब में आ रहे हैं एवं बम्हनी से हरदुली सड़क भी डूब में आ रही है। साथ-साथ सेडल बांध का भी निर्माण होने के कारण परियोजना की लागत बढ़ जाती है। निर्माण स्थल 'सी' मझगांव एवं बिसनवाही के बीच स्थित होने के कारण ग्राम छीताखुदरी एवं बम्हनी पूर्ण रूप से डूब में आ रहे हैं तथा बांध की लंबाई भी बढ़ रही है एवं कमाण्ड एरिया भी कम हो रहा है।

अतः उपरोक्त कारणों वर्तमान निर्माण स्थल जिसमें 69.555 वन भूमि डूब में आ रही है, को उपयुक्त मानते हुये छीताखुदरी मध्यम परियोजना प्रस्तावित की गई है। जिससे कुण्डम तहसील के 42 ग्रामों में 8920 हेक्टेयर भूमि सिंचाई उपलब्ध कराई जायेगी।

(आर.के. खरे)
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन अनुविभाग क. 3
कुंडम, जबलपुर

F:\Rahul\daily a-4